an>

Title: Need to open regional passport office at Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं राजस्थान प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर, जो संभाग मुख्यालय है, वहाँ स्थाई रूप से पासपोर्ट कार्यालय, पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ।

महोदया, उदयपुर संभाग मुख्यालय है, जिसमें 6 जिले आते हैं, उदयपुर, राजसमन्द, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और चित्तौड़गढ़। बांसवाड़ा से लगभग 600 किलोमीटर जोधपुर जाना पड़ता है। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ से जोधपुर आने-जाने में काफी असुविधा रहती है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि वर्ष 2013 में 27,469 आवेदन किए थे और वर्ष 2014 में 35,014 लोगों ने जोधपुर जाकर आवेदन किया है। यह आदिवासी क्षेत्र है, इसलिए उदयपुर संभाग की महिलाओं, छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों और हज यात्रियों की सुविधाओं के लिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि उदयपुर संभाग मुख्यालय पर पासपोर्ट कार्यालय सेवा केन्द्र खोलने की कृपा कराएं। धन्यवाद।